# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

## राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा–2022

## विज्ञप्ति क्रमांक 01/मुख्य-परीक्षा/2022, दिनांक 24.08.2023

| ऑनलाइन आवेदन अवधि | प्रवेश पत्र उपलब्धता | परीक्षा अवधि |
|---|---|---|
| दिनांक **05.09.2023** से<br>दिनांक **25.09.2023** तक | दिनांक **20.10.2023** | दिनांक **30.10.2023** से<br>दिनांक **04.11.2023** तक |

01 मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा परीक्षा–2022 हेतु जारी विज्ञापन क्रमांक 11/2022 दिनांक 30.12.2022 के संदर्भ में आयोजित की गई, प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम दिनांक 12.07.2023 को घोषित किया गया है। उक्त परीक्षा में सफ़ल आवेदकों हेतु राज्य सेवा मुख्य परीक्षा–2022 दिनांक 30.10.2023 से दिनांक 04.11.2023 **तक इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, छिंदवाडा, रतलाम, सतना, सागर, शहडोल** तथा **बड़वानी** स्थित परीक्षा केन्द्रों पर निम्नानुसार आयोजित की जाएगी :–

| दिनांक | विषय | समय |
|---|---|---|
| **30.10.2023** | सामान्य अध्ययन–I | प्रात: 10:00 बजे से दोपहर पश्चात 1:00 बजे तक |
| **31.10.2023** | सामान्य अध्ययन–II | प्रात: 10:00 बजे से दोपहर पश्चात 1:00 बजे तक |
| **01.11.2023** | सामान्य अध्ययन– III | प्रात: 10:00 बजे से दोपहर पश्चात 1:00 बजे तक |
| **02.11.2023** | सामान्य अध्ययन–IV | प्रात: 10:00 बजे से दोपहर पश्चात 1:00 बजे तक |
| **03.11.2023** | सामान्य हिन्दी एवं व्याकरण | प्रात: 10:00 बजे से दोपहर पश्चात 1:00 बजे तक |
| **04.11.2023** | हिन्दी निबंध एवं प्रारूप लेखन | प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक |

**महत्वपूर्ण निर्देश :-**

टीप:–

(1) **आगामी राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2022 प्रश्नोत्तर पुस्तिका** (Structured Answer Copy/ Question Answer Booklet) **के माध्यम से आयोजित की जाएगी। जिसमें अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका** (Question Answer Booklet) **में प्रश्न के नीचे उत्तर लिखने के लिए दिए गए स्थान पर ही निर्धारित शब्द सीमा में अपना उत्तर लिखना होगा। अन्यत्र किसी स्थान पर उत्तर लिखने पर अमान्य किया जाएगा। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आयोग की वेबसाइट पर नमूनार्थ प्रश्नोत्तर पुस्तिका** (Question Answer Booklet) **प्रकाशित की गई है। अभ्यर्थी उन्हें डाउनलोड कर परीक्षापूर्व भलीभांति अभ्यास कर लें।**

(2) परीक्षार्थियों की संख्या तथा प्रशासनिक कारणों से केन्द्रों की संख्या को कम किया जा सकता है।

(3) यह स्पष्ट किया जाता है कि षष्ठ प्रश्न–पत्र हिन्दी निबन्ध एवं प्रारूप लेखन प्रश्न–पत्र सभी अभ्यर्थियों को हिन्दी में ही उत्तर देना होगा। अंग्रेजी माध्यम चयनित करने वाले आवेदकों को भी षष्ठ प्रश्न–पत्र का हिन्दी माध्यम से ही उत्तर देना होगा।

02 राज्य सेवा प्रारंभिक लिखित परीक्षा मे शार्टलिस्टेड सफ़ल पात्र अभ्यर्थियों को राज्य सेवा मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र भरकर आवेदन एवं परीक्षा शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करना आवश्यक होगा। मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक **05.09.2023** (दोपहर 12:00 बजे) से **25.09.2023** (दोपहर 12:00 बजे) तक **www.mponline.gov.in, www.mppsc.mp.gov.in** पर भरे जा सकते हैं। आवेदकों को मुख्य परीक्षा हेतु निम्नानुसार आवेदन एवं परीक्षा शुल्क देय होगा:–

| मध्य प्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के किए आवेदन एवं परीक्षा शुल्क | शेष सभी श्रेणी तथा मध्य प्रदेश के बाहर के निवासी अभ्यर्थियों के लिए आवेदन एवं परीक्षा शुल्क |
|---|---|
| **₹ 400/-** | **₹ 800/-** |
| **उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त पोर्टल शुल्क 40/- (सेवाकर सहित) देय होगा।** | |

आवेदन तथा परीक्षा शुल्क एवं पोर्टल शुल्क के अतिरिक्त किसी भी रूप में अन्य कोई राशि का भुगतान नहीं करना है। यदि कियोस्कधारक द्वारा अतिरिक्त राशि की मांग की जाती है तो एम.पी.आनलाइन से हेल्पलाइन –0755-6720200 तथा 0755-6720201 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

03 <u>विलम्ब शुल्क सहित आवेदन</u> :- आयोग की यह मान्यता है कि सभी अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि तक ऑनलाइन आवेदन भर देंगे । अतः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि **25.09.2023 (दोपहर 12:00 बजे)** तक ऑनलाइन आवेदन पत्र भर दें, ताकि विलम्ब शुल्क के भुगतान की परिस्थिति उपस्थित न हो। अपरिहार्य कारणों से जो अभ्यर्थी अन्तिम तिथि तक ऑनलाइन आवेदन नहीं भर पाते हैं, उनकी सुविधा हेतु अन्तिम तिथि के बाद विलम्ब शुल्क के साथ आवेदन की निम्नांकित व्यवस्था उपलब्ध करायी जा रही है :-

1. दिनांक **25.09.2023** (दोपहर 12:00 बजे पश्चात) से **02.10.2023** (दोपहर 12:00 बजे) तक – ₹ 3000/
2. दिनांक **02.10.2023** (दोपहर 12:00 बजे पश्चात) से **23.10.2023** (दोपहर 12:00 बजे) तक – ₹ 25000/

**विशेष :**

1. विलम्ब शुल्क की उपरोक्त राशि के साथ परीक्षा शुल्क तथा पोर्टल शुल्क का भुगतान पृथक से देय होगा।

2. ₹3000/- विलम्ब शुल्क के साथ प्रस्तुत आवेदनों में दिनांक **04.10.2023** (दोपहर 12:00 बजे) तक तथा ₹25000/- विलम्ब शुल्क के साथ प्रस्तुत आवेदन पत्रों में दिनांक **25.10.2023** (दोपहर 12:00 बजे) तक विहित शुल्क का भुगतान कर त्रुटि सुधार किया जा सकेगा ।

04 आवेदक ऑनलाइन आवेदन पत्र में दिनांक **10.09.2023** से दिनांक **27.09.2023** (दोपहर 12:00 बजे) तक त्रुटि सुधार भी कर सकेंगे । त्रुटि सुधार अवधि के पश्चात आवेदन पत्र में कोई सुधार नहीं किए जा सकेंगे । त्रुटि सुधार हेतु प्रति सुधार सत्र ₹ 50/- (सेवाकर सहित) देय होगा । जिन आवेदकों द्वारा मुख्य परीक्षा हेतु अंतिम तिथि तक ऑनलाइन आवेदन पत्र नहीं भरे जाएंगे, राज्य सेवा परीक्षा **2022** हेतु उनकी उम्मीदवारी स्वयंमेव समाप्त हो जाएगी एवं इस संदर्भ में कोई अभ्यावेदन मान्य न करते हुए उन्हें नस्तीबद्ध कर दिया जाएगा।

05 मुख्य परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र दिनांक **20.10.2023** से **www.mponline.gov.in, www.mppsc.mp.gov.in** पर ऑनलाइन उपलब्ध रहेंगे । प्रवेश पत्र डाक अथवा अन्य किसी माध्यम से प्रेषित नहीं किये जाएंगे । प्रवेश पत्र प्राप्ति हेतु आवेदक mponline के अधिकृत कियोस्क का भी उपयोग कर सकते हैं । कियोस्क के माध्यम से प्रवेश पत्र प्राप्ति हेतु ₹ 5/- पोर्टल शुल्क देय होगा ।

06 आवेदक कृपया ध्यान रखें कि परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश पत्र के साथ निम्न मान्य फ़ोटो युक्त मूल पहचान-पत्र प्रस्तुत करने एवं उससे पहचान की पुष्टि होने के पश्चात ही परीक्षा देने की अनुमति मिलेगी :-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मतदाता परिचय पत्र | 2. | आधार कार्ड (फ़ोटोकापी मान्य) | 3. | ड्रायविंग लायसेंस |
| 4. | आयकर का पेन कार्ड | 5. | पासपोर्ट | 6. | फ़ोटो सहित बैंक पासबुक |
| 7. | केन्द्र एवं राज्य सरकार एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय एवं अन्य नियोक्ताओं द्वारा जारी फ़ोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र | 8. | शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत आवेदकों के मामले में शिक्षण संस्था के प्रमुख द्वारा अधिकतम तीन वर्ष पूर्व जारी फ़ोटो पहचान पत्र | | |
| 9. | राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित नवीनतम फ़ोटो परिचय-पत्र | | | | |
| **<u>विशेष निर्देश</u>:- सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होते समय संक्रामक रोगों के संबंध में स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी अनुदेशों का पालन करना अनिवार्य है।** | | | | | |

07 <u>राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2022</u> में "सामान्य अध्ययन" के चार प्रश्न-पत्र एवं "सामान्य हिन्दी एवं व्याकरण" तथा "हिन्दी निबंध एवं प्रारूप लेखन" के एक-एक प्रश्न-पत्र होंगे। सामान्य अध्ययन के चारों प्रश्नपत्र हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम में तथा शेष दोनों प्रश्न-पत्र ( एवं "सामान्य हिन्दी एवं व्याकरण" तथा तथा "हिन्दी निबंध एवं प्रारूप लेखन") केवल हिन्दी माध्यम में होंगे । राज्य सेवा मुख्य परीक्षा के आवेदन-पत्र में अभ्यर्थियों को सामान्य अध्ययन के प्रश्न-पत्रों के भाषा विकल्प (हिन्दी अथवा अंग्रेजी) का चयन करना होगा।

08 राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-**2022** की परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.mp.gov.in** पर प्रकाशित की गई है ।

**उप सचिव**